## CLASS X : HINDI : Term II (Board Final) : 2022 : Marks 40

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सी विकल्प चुनकर लिखिए :-** 1x10

1. 'उत्साह' कविता में कवि ने किसका आह्बान किया है ?

   (क) बादल का (ख) पवन का (ग) सूर्य का (घ) वर्षा का

2. कवि ने बादलों के माध्यम से मानव को क्या प्रदान करना चाहता है ?

   (क) धन (ख) ज्ञान (ग) जीवन की नई-नई प्रेरणाएँ
   (घ) अतीत का इतिहास

3. लेखिका ने अपनी माँ को व्यक्तित्वहीन क्यों कहा है ?

   (क) उनका कोई व्यक्तित्व न था
   (ख) उनके सामने सब व्यक्तित्वहीन थे
   (ग) उनके जैसा अच्छा व्यक्तित्व किसीका ना था
   (घ) पिताजी के व्यक्तित्व के सामने उनका व्यक्तित्व पूरी तरह दब गया था

4. लेखिका के पिता लेखिका तथा उसके-भाई-बहनों को शक की दृष्टि से क्यों देखते थे ?

   (क) बढ़ती अभावग्रस्तता के कारण (ख) बढ़ती लोकप्रियता के कारण
   (ग) अपनों से धोखा खाने के कारण (घ) स्वयं का ऐसा स्वभाव होने के कारण

5. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में किस शहर के सौंदर्य का वर्णन है ?

   (क) अगरतला (ख) गुवाहटी (ग) महाबलेश्वर (घ) गंगटोक

6. जितेन ने यूमथांग घाटी में किस फिल्म की शूटिंग होने की बात कही है ?

   (क) गाइड (ख) एक फूल दो माली (ग) बरसात (घ) फूल खिला हैं गुलशन गुलसन

7. 'कबीरदास' भक्ति काल की किस धारा के कवि है ?

   (क) सन्तकाव्य धारा (ख) प्रेमकाव्य धारा (ग) राम काव्य धारा (घ) कृष्ण काव्य धारा

8. मीराबाई की भक्ति किस भाव की है ?

   (क) माधूर्य (ख) वात्सल्य (ग) दास्य (घ) सख्य

9. ज्ञानोदय में प्रयुक्त संधि है -

   (क) स्वरसंधि (ख) व्यंजन सन्धि (ग) विसर्ग संधि (घ) इनमें से कोई नहीं

10. निराधार में प्रयुक्त संधि है -

   (क) स्वरसंधि (ख) व्यंजन सन्धि (ग) विसर्ग संधि (घ) इनमें से कोई नहीं

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए :-** 1x20

11. बादल को बच्चो की कल्पना के समान क्यों कहा गया है ?
12. कवि बादलों से क्या कामना कर रहा है ?
13. फागुन मास में कौन-सी ऋतु होती है ?
14. फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुयों से भिन्न होता है ?
15. स्त्री-शिक्षा के विरोधियों के समक्ष किसका तर्क देकर लेखक स्त्री-शिक्षा का समर्थन करता है ?
16. 'स्त्रियों का किया हुआ अनर्थ उनके पढ़ने का परिणाम है' ऐसा किसका मानना है ?
17. स्त्री-शिक्षा के विरोधी समाज की दृष्टि से दंडनीय क्यों है ?
18. लेखिका के भाषण की प्रशंसा कौन किससे कर रहा था ?

19. हिरोशिमा जाने पर लेखक को क्या प्रत्यक्ष अनुभव हुआ ?
20. 'मैं क्यों लिखता हूँ? के आधार पर बताइए कि - लेखक को कौनसी बाते लिखने के लिए प्रेरित करती है ?
21. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है ?
22. झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था ?
23. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने बिहारी सतसई की किस पक्षी का उपहास किया है ?
24. घनानंद किस संप्रदाय में दीक्षित थे ?
25. भक्तिकाल को लोकजागरण काल किसने कहा ?
26. तुलसी ने विनयपत्रिका तथा कवितावली की रचना किस भाषा में की ?
27. सर्वनाम किसे कहते है ?
28. सर्वनाम किसे कहते हैं ?
29. विशेषण किसे कहते हैं ?
30. मुहावरों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए -
(क) नाक में दम करना
(ख) एड़ी चोटी का जोर लगाना

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** 2x5

31. उत्साह कविता में कवि क्या सन्देश देता है ?
32. फागुन माह का पेड़-पौधों पर क्या असर देखने को मिलता है ?
33. इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ?
34. स्त्री-शिक्षा का विरोध लेखक के अनुसार कैसे लोग करते है ?
35. लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक सी क्यों दिखाई दिया ?

========